दैनिक भास्कर 22/09/2024

जीएमएन कॉलेज में पेंटिंग प्रतियोगिता में खुशी और स्लोगन में राधिका प्रथम

भास्कर न्यूज | अम्बाला

जीएमएन कॉलेज के महिला सेल ने कन्या भ्रूण हत्या, महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता, दहेज प्रथा व विज्ञान में महिलाएं विषयों पर पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिताएं कराई। इनका उद्देश्य समाज में महिलाओं की स्थिति को मजबूत करने के लिए युवा पीढ़ी को प्रेरित करना था। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने प्रतिभागियों की सराहना की। महिला सेल व प्रतियोगिता संयोजक डॉ. नेहा अग्रवाल रहीं। छात्राओं ने अपनी कला व विचारों के माध्यम से इन संवेदनशील मुद्दों को उजागर किया। महिला सेल की सदस्य डॉ. नियति व डॉ. नीना ने सक्रिय भागीदारी की। डॉ. पिंकी गुप्ता व डॉ. रितु गुप्ता ने निर्णायक की भूमिका निभाई। पेंटिंग प्रतियोगिता में खुशी ने पहला, दिव्या ने दूसरा, ओलिविया ने तीसरा स्थान पाया। सांत्वना पुरस्कार दीक्षा को मिला। स्लोगन प्रतियोगिता में राधिका सैनी प्रथम, अर्चना द्वितीय, दीक्षा गोयल तृतीय रही। सांत्वना पुरस्कार निकिता गोयल को मिला। विजेताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।